नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



4 75+ के फार्मूले का व्यवहारिक पक्ष भी देखें


5 यूपी से राजस्थान तक बाढ़ का तांडव


8 भारत मैनचेस्टर को लेकर सतर्क


9 नीति निर्माण में सक्षम और प्रतिबद्ध युवा शामिल हों


# बिहार को करोड़ों की सौगात

## बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी – मोतिहारी को मुंबई और पटना को पुणे बनाएंगे

**मोतिहारी/नयी दिल्ली, 18 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मोतिहारी में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन तथा राष्ट्र को समर्पण किया. सावन माह की पवित्रता में बाबा सोमेश्वरनाथ के चरणों में नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने बिहारवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की.**



सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चंपारण की भूमि है, जिसने इतिहास को दिशा दी है. स्वाधीनता संग्राम के दौरान इसी भूमि ने महात्मा गांधी को नई राह दिखाई. उन्होंने कहा कि अब यही भूमि नए बिहार का भविष्य भी गढ़ेगी. प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह और समस्त बिहारवासियों को इन विकास परियोजनाओं के लिए बधाई दी. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लालटेन वाले नौकरी देने के बहाने जमीन लिखवाते थे. यूपीए शासनकाल में राज्य के साथ भेदभाव किया गया, जबकि एनडीए सरकार ने विकास के सभी द्वार खोले हैं. मोदी ने मोतिहारी में आयोजित समारोह में कई परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन किया. इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-319 के आरा बाईपास को चार लेन बनाने, मोहनिया खंड के 4-लेन उद्घाटन और सरवन से चकाई तक 2-लेन सड़क का निर्माण शामिल है. उन्होंने कहा कि ये सड़कें झारखंड और बिहार के बीच संपर्क को मजबूती देंगी.

प्रधानमंत्री ने दरभंगा और पटना में एसटीपीआई इनक्यूबेशन केंद्र का उद्घाटन किया, जो स्टार्टअप और आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देगा. मत्स्य पालन के क्षेत्र में पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत हैचरी, बायोफ्लोक यूनिट्स और फीड मिल्स जैसी परियोजनाएं शुरू की गईं. रेल परियोजनाओं में दरभंगा-नरकटियागंज रेल लाइन दोहरीकरण (4080 करोड़ रुपये), पाटलिपुत्र में 283 करोड़ की लागत से वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव केंद्र की घोषणा, भटनी-छपरा ग्रामीण खंड में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम की शुरुआत शामिल रही. साथ ही प्रधानमंत्री ने समस्तीपुर-बछवाड़ा के बीच 53 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सिग्नलिंग सिस्टम को राष्ट्र को समर्पित किया. इस दौरान मोदी ने वर्चुअली चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें भागलपुर-गोमतीनगर, दरभंगा-लखनऊ, राजेन्द्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली और बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल शामिल हैं.

### सभा के दौरान डी एरिया में घुसे तीन संदिग्ध गिरफ्तार

मोतिहारी के गांधी मैदान में शुक्रवार को आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में कड़ी सुरक्षा के बीच तीन लोग संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक अति सुरक्षा घेरा (डी एरिया) में प्रवेश कर गए थे. मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तीनों को तत्काल हिरासत में ले लिया. तीनों से सघन पूछताछ की जा रही है.

# मध्यप्रदेश में करिए निवेश

- बार्सिलोना में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस मीट में बोले सीएम
- हमने सबके लिए खोले निवेश के द्वार : डॉ. मोहन यादव

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि निवेशकों की जरूरतों को हम अच्छी तरह से जानते हैं. निवेशकों को प्रॉपर्ली फेसिलिटेट करना ही हमारी नीति है. हमारी डेडिकेटेड इन्वेस्टर्स फ्रेंडली 18 औद्योगिक नीतियों के जरिए हमने सबके लिए निवेश के द्वार खोल दिए हैं. मप्र आईए, हमारी नीतियों और उपलब्धियों का अवलोकन कीजिए और निवेश कीजिए.**



उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच पुराने संबंध हैं. हम उन्हीं संबंधों को और भी प्रगाढ़ करने यहां आए हैं. हम यहां से सिर्फ निवेश नहीं, दीर्घ साझेदारी चाहते हैं. हमारी सरकार अगले वर्ष 2026 को भारत-स्पेन सांस्कृतिक सहयोग वर्ष के रूप में मनाएगी. इसके तहत कला, संस्कृति, साहित्य और फिल्म आधारित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को यूरोप यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और सबमर टेक्नोलॉजी स्पेन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस तरह बार्सिलोना ने नवाचार, संस्कृति और आर्थिक समावेशन के जरिए विकास का अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है, उसी तरह मप्र भी विरासत से विकास की परंपरा को और आगे बढ़ाते हुए अब तेजी से ग्लोबल ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूरोप को विजन देने वाले बार्सिलोना को मप्र की ओर से अभिनंदन है.

### स्पेन की आबादी के बराबर तो पीएम मोदी ने बांटे निशुल्क आवास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी यूरोपियन देशों की आबादी करीब 74 करोड़ है और आप हैरत करेंगे कि हमारे यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क खाद्य सामग्री बांटी जा रही है. स्पेन की आबादी के बराबर लोगों को प्रधानमंत्री मोदी ने नि:शुल्क पक्के आवास उपलब्ध कराए हैं. उन्होंने कहा कि आज डेटा सेंटर के लिए हमारा एमओयू साइन हुआ है.

# लालू को सुको से झटका

## जमीन के बदले नौकरी याचिका पर सुनवाई से इंकार

**नयी दिल्ली, 18 जुलाई. उच्चतम न्यायालय ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को झटका देते हुए जमीन के बदले नौकरी घोटाले से संबंधित उनकी याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया.**



शीर्ष न्यायालय ने इस मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर सुनवाई करने से आज मना कर दिया. श्री यादव दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर शीर्ष अदालत की शरण में गये थे.

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने पूर्व रेल मंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र को रद्द करने की श्री यादव की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय फैसला करेगा.

# एसबीआई दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक

**मुंबई, 18 जुलाई.** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने साल 2025 के लिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक चुना है. बैंक ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी. एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. सेट्टी इस साल 18 अक्टूबर को आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे. सेट्टी ने इस उपलब्धि के लिए बैंक के ग्राहकों, समर्पित कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने बैंक पर भरोसा दिखाया है. उन्होंने कहा कि एसबीआई की विकास रणनीति में ग्राहक अनुभव केंद्रीय बिंदु है.

# पूर्व सीएम बघेल का बेटा गिरफ्तार

- बघेल बोले- ऐसा तोहफ़ा कोई नहीं देता
- कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में किया गिरफ्तार

**रायपुर, 18 जुलाई. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए उनका जन्मदिन इस बार सियासी तूफान लेकर आया. शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने भिलाई स्थित उनके निवास पर छापा मारा और उनके पुत्र चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया.**



चैतन्य को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने ईडी की सात दिन की रिमांड मांग को आंशिक रूप से मंजूर करते हुए उन्हें पांच दिन की हिरासत में भेज दिया.

ईडी की इस कार्रवाई से कांग्रेस खेमे में उबाल आ गया. बघेल निवास के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भारी विरोध दर्ज कराया. विधानसभा के मानसून सत्र में भी कांग्रेस विधायकों ने इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया. पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जन्मदिन का जैसा तोहफा मोदी और शाह जी देते हैं, वैसा दुनिया के किसी लोकतंत्र में नहीं मिलता. पहले मेरे जन्मदिन पर मेरे सलाहकारों पर ईडी भेजी गई थी और अब मेरे बेटे के जन्मदिन पर मेरे घर पर छापा और उसकी गिरफ्तारी हुई है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए केंद्र सरकार और ईडी पर तीखा हमला बोला.

# बीएसएफ ने छह पाक ड्रोन मार गिराए

**जालंधर 18 जुलाई (वार्ता)** पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले कुछ घंटों के दौरान चलाए गए अभियानों में बीएसएफ ने छह पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए और कुल मिलाकर 2.340 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है. बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए, सतर्क बीएसएफ जवानों ने कल रात अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में कई घटनाओं में 6 पाकिस्तानी ड्रोन और संदिग्ध हेरोइन के 4 पैकेट बरामद किए. उन्होंने कहा कि गुरुवार की रात के समय, ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने अमृतसर सीमा पर लगातार ड्रोन घुसपैठ को रोका.

# एमबीबीएस में मातृभाषा को प्रोत्साहन

- 15 से 20 प्रतिशत छात्रों ने हिंदी का किया उपयोग
- मातृभाषा को प्रोत्साहित करने के लिए मिलेगा पुरस्कार

**भोपाल, 18 जुलाई. हिंदी भाषा में एमबीबीएस की व्यवस्था का सफल क्रियान्वयन हो रहा है. राज्य सरकार की मातृभाषा हिंदी में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प अब नीतिगत निर्णयों और कार्यान्वयन की ठोस रूपरेखा के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है.**



मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा हिंदी को सशक्त बनाने सतत नवाचार किए जा रहे हैं.

आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलसचिव ने बताया कि वर्ष 2022 में हिंदी में चिकित्सा शिक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकों का विमोचन किया गया था और इन्हें शैक्षणिक सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया है. इस नवाचार प्रारंभिक चरण में लगभग 15 से 20 प्रतिशत छात्रों ने मौखिक एवं लिखित परीक्षाओं में हिंदी भाषा का उपयोग किया है. यह प्रथम बैच वर्ष 2027-28 में स्नातक होकर विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होगा. चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा संकाय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों को मातृभाषा में अध्ययन को प्रोत्साहित करने के निर्देश जारी किए गए हैं. मातृभाषा में परीक्षा देने वाले छात्रों को संस्थागत स्तर पर प्रोत्साहन दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उनके लिए विशेष समस्या निवारण कक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी.

# ग्वालियर में गड्ढे में समाई कारें व ट्रक

- सड़क धसने से कई जगह लोग हुए परेशान
- बुलानी पड़ी क्रेन, लोगों में दहशत

**ग्वालियर,18 जुलाई. जिले में सड़क धंसकने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा हैं. एबी रोड के साथ ही शहर के व्यस्त क्षेत्र दर्पण कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर सड़क धंसने से सड़क पर चल रहीं कई गाड़िया गड्ढों में समा गईं, जिससे कार में सवार लोगों का कलेजा मुंह को आ गया.**



कारों को गड्ढों से निकालने के लिए क्रेन बुलाना पड़ा तब जाकर कारों को निकाला जा सका.

ग्वालियर शहर के पॉश इलाकों मे शुमार दर्पण कॉलोनी की सड़क धंसकने से वाहन चला रहे लोग घबरा गए, वाहन चला रहे लोग सपाट रोड पर चल रहे थे कि अचानक उनकी गाड़ी सड़क पर बने गड्ढों में समाने लगी. घबराकर वाहन चालक गाड़ी से उतरकर देखा तो कार के पहिए सड़क के बीच अचानक हुए गहरे गड्ढों मे समा चुके थे. सड़क धंसकने से एक स्कॉर्पियो और एक विटारा ब्रेजा कार के पहिये जमीन में समा गए.

### लगातार बारिश से एबी रोड पर भी धंसी सड़क

शहर में बीती रात से हो रही बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है. दिन रात व्यस्त रहने बाली बहोड़ापुर क्षेत्र अंतर्गत आगरा- मुम्बई रोड जिस पर हर रोज हजारों भारी लोडिंग वाहन निकलते रहते है, बारिश के कारण आज दोपहर धसक गई. उसी रोड से निकल रहा एक ट्रक भी उसमें फस कर पलट गया. बताया गया है कि ट्रक माल से भरा हुआ था.

बड़ी कार्रवाई | भारत ने अमेरिकी निर्णय का किया स्वागत

# टीआरएफ आतंकवादी संगठन घोषित

**नयी दिल्ली 18 जुलाई. भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टी आर एफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने के अमेरिका के निर्णय का स्वागत किया है.**



विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही आतंकवादी गुट है और यह 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले सहित कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है. उसने दो बार हमलों की जिम्मेदारी भी ली है.

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई और आतंकवादी ढाँचे को ध्वस्त करने में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर लगातार ज़ोर देता रहा है. टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करना एक समयोचित और महत्वपूर्ण कदम है जो आतंकवाद-निरोध पर भारत और अमेरिका के बीच गहन सहयोग को दर्शाता है.

वक्तव्य के अनुसार भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति के प्रति प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करने के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा कि आतंकवादी संगठनों और उनके समर्थकों को जवाबदेह ठहराया जाए. उल्लेखनीय है कि अमेरिका के विदेश विभाग ने गुरुवार देर रात टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया था.

> विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत-अमेरिका आतंकवाद-रोधी सहयोग की प्रबल पुष्टि. लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक प्रतिनिधि, टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश विभाग की सराहना करता हूँ. इसने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले की ज़िम्मेदारी ली थी. आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता. ऑपसिंदूर.

# रॉबर्ट-प्रियंका के साथ खड़ा हूं : राहुल

**नयी दिल्ली, 18 जुलाई. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा तथा उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मोदी सरकार लगातार साजिश कर रही है और वह इसके विरुद्ध अपनी बहन और बहनोई के साथ खड़े रहेंगे.**



रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मोदी सरकार लगातार कर रही साजिश

किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करने की हिम्मत रखते हैं

गांधी का यह बयान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वाड्रा के खिलाफ हरियाणा में कथित जमीन घोटाले के मामले में गुरुवार को आरोपपत्र दायर किये जाने के संदर्भ में आया है. ईडी ने आरोप पत्र दायर करने के बाद ही वाड्रा की करीब 36 करोड़ की संपत्तियां भी एटैच की है.

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से वाड्रा परिवार को इसी तरह के षडयंत्रों के तहत तंग किया जा रहा है, लेकिन उनका परिवार बहादुर है और वे हर साजिश के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेंगे.

गांधी ने कहा, मेरे बहनोई को पिछले दस वर्षों से यह सरकार परेशान कर रही है. यह ताज़ा आरोपपत्र उसी षडयंत्र का एक और हिस्सा है. मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूँ क्योंकि उन्हें दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित बदनामी और उत्पीड़न का एक और हमला झेलना पड़ रहा है. उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वे सभी किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करने की हिम्मत रखते हैं. वे बहादुर हैं और वे गरिमा के साथ हर साजिश का मुकाबला करते रहेंगे. आखिरकार सच्चाई की जीत होगी. गौरतलब है कि वाड्रा के खिलाफ गुरुग्राम जमीन घोटाले के मामले में ईडी ने एक मामला दर्ज किया है. इस मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी.

## एक नजर में



### 1971 की विरासत को आगे बढ़ायेगा 'निस्तार'

**नयी दिल्ली.** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने विश्वास जताया है कि नए कलेवर और नयी क्षमताओं के साथ एक बार फिर नये अवतार में नौसेना के बेड़े में शामिल होने वाला 'निस्तार' युद्धपोत अपने पुराने अवतार, वर्ष 1971 की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका की विरासत को आगे बढ़ायेगा. देश में विकसित और गहरे समुद्र में बचाव अभियान चलाने में सहायक उपकरणों तथा अत्याधुनिक प्रणालियों से लैस 'निस्तार' के नौसेना में शामिल होने से पनडुब्बी बचाव अभियानों में क्रांति आएगी. इस युद्धपोत को शुक्रवार को विशाखापत्तनम में एक समारोह में नौसेना में शामिल किया गया. इस अवसर पर मौजूद एडमिरल त्रिपाठी ने 'निस्तार' के भूतपूर्व अवतार के साहसिक अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि नौसेना के बेड़े में शामिल होने के कुछ महीने बाद ही इस युद्धपोत ने वर्ष 1971 की लड़ाई में पाकिस्तान की पनडुब्बी 'गाजी' का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.

### 20 स्कूल और 3 कॉलेजों को उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली.** दिल्ली में शुक्रवार सुबह एक बार फिर दहशत का माहौल बन गया जब 20 स्कूलों और 3 प्रमुख कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई. धमकी मिलते ही छात्रों और अभिभावकों में हड़कंप मच गया. सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित संस्थानों को खाली कराया और तलाशी अभियान चलाया. दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और दमकल कर्मियों ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चलाया. किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है. जिन कॉलेजों को धमकी मिली है उनमें इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज, हिंदू कॉलेज और श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स शामिल हैं.

### कार-लॉरी की टक्कर में चार लोगों की मौत

**हैदराबाद.** तेलंगाना में रंगारेड्डी जिले के आदिबतला के पास आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पर शुक्रवार तड़के एक कार के एक खड़े लॉरी के पिछले हिस्से से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया. पुलिस के अनुसार मोइनाबाद के एक रिसॉर्ट में काम करने वाले पीड़ित, यदाद्री भुवनगिरी जिले के यदागिरिगुट्टा स्थित श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई. तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि एक अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए इब्राहिमपट्टनम के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जाँच जारी है.

## गुस्ताखी माफ

